मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर


महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ■ अंक - 26 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 20 से 26 मार्च 2023 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये

## सुप्रीम कोर्ट जाएगी मेट्रो कारशेड निर्माण लड़ाई!

**मुंबई :** मेट्रो कारशेड निर्माण के लिए आरे में सैकड़ों वृक्षों की बलि ली जा रही हैं, इन्हें बचाने की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट जाएगी। पर्यावरण संरक्षण





में मनपा और राज्य सरकार से लड़ रही सामाजिक संस्थाओं ने हाईकोर्ट के सुझाव के बाद यह फैसला लिया है। हाल ही में हाईकोर्ट ने आरे में मेट्रो कारशेड निर्माण के दौरान अतिरिक्त १७७ पेड़ काटने के मनपा के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। दायर याचिका में याचिकाकर्ता संस्था को यह सुझाव दिया गया है कि वह इस मामले में अधिक व्याख्या के लिए सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें मनपा के आदेश के खिलाफ रोक लगाने की मांग की गई थी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए लड़ रही संस्थाओं के पास सुप्रीम कोर्ट जाने के आलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है। पर्यावरण जानकारों का मानना है कि भविष्य में यहां चार लाख वृक्षों को नुकसान पहुंचेगा और सैकड़ों जीव -जंतुओं का जीवन खतरे में होगा।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने मनपा को ८४ पेड़ काटने का आदेश एक वर्ष पहले दिया था, लेकिन मनपा वृक्ष प्राधिकरण ने तमाम कारणों का हवाला देते हुए १७७ वृक्ष काटने का आदेश जारी किया, जिसे लेकर उक्त संस्था ने मुंबई हाईकोर्ट में इस मामले के आदेश को चुनौती दी थी।

# हड़ताल से सरकारी अस्पताल बेहाल

## जेजे अस्पताल ने मनपा अस्पतालों के स्वास्थ्यकर्मियों का सहारा लिया

**मुंबई :** पुरानी पेंशन योजना को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर कल से राज्य भर के सरकारी और अर्ध सरकारी कर्मचारी, शिक्षक व गैर शिक्षक संघ हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल ने सरकारी अस्पतालों को बेहाल कर दिया है। मुंबई में राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में जहां आउट पेशेंट विभाग की सेवाएं सुचारु रूप से शुरू थीं, वहीं इनपेशेंट विभाग और सर्जरी पर कुछ हद तक असर पड़ा। मरीजों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए जेजे अस्पताल ने मनपा अस्पतालों के स्वास्थ्यकर्मियों का सहारा लिया।

राज्य कर्मचारी संघ द्वारा शुरू हड़ताल में राज्य सरकार के अस्पतालों में कार्यरत नर्सों,



तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया है। इन स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल में शामिल होने से मुंबई के जेजे, कामा, जीटी, सेंट जॉर्ज अस्पताल के इनपेशेंट विभाग में मरीजों की देखभाल प्रभावित हुई है। हालांकि, आउट पेशेंट विभाग में विभाग प्रमुखों, प्रोफेसर, रेजिडेंट डॉक्टर मरीज की सुचारू देखभाल सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे थे। हड़ताल के चलते ओपीडी में खासी भीड़ रही। बताया गया कि जेजे अस्पताल के ५० कर्मचारियों ने हड़ताल में हिस्सा नहीं लिया। इसी तरह अन्य अस्पतालों के कुछ कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग नहीं लिया। इसके चलते आउट पेशेंट और गहन देखभाल इकाइयों में सेवाएं ज्यादा प्रभावित नहीं हुईं।

सेंट जार्जेस, कामा अस्पताल में केवल अत्यावश्यक सर्जरियां की गईं, जबकि अन्य सभी सर्जरियों को आगे खिसका दिया गया। डीन डॉ. पल्लवी सापले ने कहा कि जेजे अस्पताल में कल ओपीडी में इलाज कराने के लिए २,००० मरीज पहुंचे। इसके साथ ही यहां पहले से तय सभी सर्जरियां हुईं। उन्होंने कहा कि जेजे में ४५० प्राध्यापक, ८०० पीजी छात्र, १,२०० एमबीबीएस के छात्र और २५० इंटर्न डॉक्टर मरीजों को सेवाएं दे रहे थे। इसके साथ ही स्टूडेंट नर्सेस और १०० कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर कार्यरत कर्मियों की मदद ली गई। उन्होंने कहा कि हड़ताल से हो रही दिक्कतों को देखते हुए सेंट जार्जेस से ३८, कामा और जीटी अस्पताल से क्रमशः १००-१०० मरीजों को छुट्टी दे दी गई। डॉ. सापले ने कहा कि फिलहाल कल की परिस्थितियों का नियोजन करने के लिए मीटिंग हुई है।

## कदम कदम पर हिंदी न्यूज पेपर ने किया राजेन्द्र भाई जैन का सत्कार

**मुंबई :** धन जी स्ट्रीट के समाजसेवी उधोगपति श्री राजेन्द्र भाई जैन (राजू भाई ) को हिंदी न्यूज पेपर कदम कदम पर ने उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें समाज रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया आपको बता दे पिछले कई वर्षों से प्रकाशित होने वाला बड़े स्तर पर पहला हिंदी साप्ताहिक हिंदी न्यूज पेपर है. यह न्यूज पेपर हर साल तरह इस साल भी कदम कदम पर हिंदी कैलेंडर का बिमोचन किया गया था. इस अवसर पर समाजसेवी श्री हौशिला प्रसाद गुप्ता जी, शिवा जायसवाल जी भी मौजूद रहे.







## मा.नगरसेवक श्री जनक संघवी का जन्मदिन पर सम्मान

**मुंबई :** लोकप्रिय मा.नगर सेवक जी का जन्मोउत्सव मनाया गया मुंबई.भारतीय जनता पार्टी के कुलाबा मंडल प्रभारी लोक समर्पण संघर्षशील







मा.नगर सेवक श्री जनक संघवी जी का 17 मार्च को उनके चाहने वाले तमाम साथियों द्वारा उनके जन्मदिन पर केक काटकर पुष्पगुच्छ और श्रीफल देकर उनका सम्मान किया अभी अभी समाज रत्न से सम्मानित धाकड़ समाजसेवक उधोगपति श्री राजेन्द्र भाई जैन (राजू भाई ) जी ने अपने कार्यालय धन जी स्ट्रीट झवेरी बाजार में संघवी जी के जन्मोउत्सव की तैयारी की थी जिसमे तमाम कार्यकर्ता समाजसेवक गणमान्य लोग उपस्थित थे इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक हौशिला प्रसाद गुप्ता . मोतियो के थोक विक्रेता समाजसेवक श्री कन्हैया लाल काकड़ जी. उपाध्यक्ष कुलाबा युवा मोर्चा श्री गणेश राधिका प्रसाद दुबे जी और बंगाली अयोसियन के अध्यक्ष श्री गणेश जी .शिवा .ए.एल.जायसवाल जी और तमाम लोगो ने श्री जनक संघवी जी जन्म दिन की हार्दिक शुभ कामनाएं दी और स्वास्थ्य निरोगी होने की माँ मुम्बादेवी से कामना की और पूजा अर्चना की हमारे नगर सेवक जी को दीघार्यु प्रदान करे. साथ में भारतीय जनता पार्टी के कल्याण जिला मण्डल सचिव श्री संजय कुमार तिवारी जी भी मौजूद रहे.

## स्कोलास्टिक फाउंडेशन की ओर महिला दिवस का आयोजन

**मुंबई :** स्कोलास्टिक फाउंडेशन की ओर से रविवार 12 मार्च को महिला दिवस का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की पूरी टीम के अथक प्रयास से इस कार्यक्रम को बहुत ही सुनियोजित और अनुशासित तरीके से अंजाम दिया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी।

महिला व्याख्याताओं जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है, कार्यक्रम से लाभान्वित हुई हैं। स्वयं सहायता समूह की काउंसलर श्रीमती आरती बंसोडे, श्रीमती प्रांजल



जाधव एवं श्री सुर्वे प्रमुख वक्ता थे। आत्मरक्षा के लिए प्रदर्शनों का आयोजन इस कार्यक्रम की एक विशेषता है। इस अवसर पर सुश्री स्नेहा जंगम समाजसेवी के सौजन्य से उपहार, स्वादिष्ट भरपेट नाश्ता एवं लक्की ड्रॉ सुंदर रेशमी साड़ियों का आयोजन किया गया। हर्षोल्लास के माहौल में वक्ता और श्रोताओं का सवाल-जवाब सत्र चला। इस भव्य समारोह का आयोजन स्कॉलैस्टिक फाउंडेशन की श्रीमती स्नेहा जंगम ने किया। इस कार्यक्रम की श्रीमती तनिष्का व्यासपीठ। रेणुका सालुंखे मौजूद रहीं। स्कोलास्टिक फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री प्रसाद बोरहाडे और उनकी पूरी टीम के अथक प्रयास से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# छद्म युद्ध

जिस पाकिस्तान का जन्म ही भारत के प्रति दुश्मनी से हुआ है, उससे हर दौर में घात-प्रतिघात के प्रति हमें सचेत रहना होगा। केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चौकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है।

निस्संदेह, थल सीमा पर सुरक्षा बलों की सजगता-सतर्कता से आतंकवादियों व पाक पोषित नशा तस्करों की थल मार्ग से घुसपैठ मुश्किल हुई है। लगातार मार गिराये और खदेड़े गये ड्रोनों की संख्या बताती है कि यह साजिश किस पैमाने पर हो रही है। साथ ही यह भी कि भारत के खिलाफ सीमापार बैठे लोगों के खतरनाक इरादे किस हद तक जा पहुंचे हैं। निस्संदेह, भौगोलिक जटिलता के चलते पूरी थल सीमा की निगरानी कर पाना असंभव जैसा ही है। इसके बावजूद भारत को काउंटर ड्रोन तकनीकों को प्रयोग में लाकर आतंकवादियों व नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। साथ ही देश के भीतर की उन काली भेड़ों पर भी नजर रखनी होगी, जो पाक में बैठे आकाओं के इशारों पर हथियारों व नशे के अवैध कारोबार में मददगार बने हुए हैं। देश में ड्रोन तकनीक के उपयोग व विस्तार के लिये बड़ी पूंजी के निवेश की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह,ड्रोन के जरिये लगातार बढ़ती घुसपैठ व तस्करी से निपटने के लिये किसी भी स्तर पर उदासीनता घातक साबित हो सकती है।

आज पूरी दुनिया में युद्ध शैली में बड़ा बदलाव आया है। हाल में ईरान में बने ड्रोनों ने यूक्रेन में कहर बरपाया है। इस समस्या से निपटने के लिये देश में युद्ध स्तर पर ड्रोन तकनीक में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस हद तक कि देश के युवाओं में ड्रोन निर्माण व शोध के लिये एक नया जुनून पैदा हो सके। यह वक्त की जरूरत भी है कि अपनी सीमाओं को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। यह इसीलिये भी जरूरी है कि पड़ोसी मुल्क चीन ने पिछले दिनों अपने रक्षा खर्च में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पिछले दिनों लद्दाख व एलएसी पर संदिग्ध गतिविधियां उसके खतरनाक मंसूबों की ओर इशारा कर रही हैं। जिसको लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हमें उन्नत राडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी एनालाइजर, ध्वनिक सेंसर या ऑप्टिकल सेंसर जैसे अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी तंत्र की बहाली तुरंत करनी होगी। यह सुखद है कि जे एंड के व पंजाब के विभिन्न सेक्टरों में तैनात स्वदेशी एंटी-ड्रोन जैमर व स्पूफर्स के परीक्षण सकारात्मक रहे हैं।

# भा.ना.क.वि.से.स.संस्था के पदाधिकारी वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे देवरिया







**नालासोपारा :** आज दिनांक 14 मार्च 2023 को सिकरारा थाना के यस. आई. विकास शर्मा(उत्तर प्रदेश पुलिस)की शादी समारोह मे भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि0संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा,संस्था संरक्षक राजेंद्र शर्मा,संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा,ग्राम.टीचर्स कालोनी,फौजी हाउस,सलेमपुर जिला देवरिया श्री पुरुषोत्तम शर्मा के यहां पहुंच कर वर वधू को आशीर्वाद दिए।वहा समाज के लोगो से सामाजिक चचाएं करते हुए सगठन को मजबूती देने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

# काशी का होली मिलन समारोह



**बनारस,** बनारस में विगत कई सप्ताह से हर दिन कहीं न कहीं किसी न किसी समुदाय के लोग होली मिलन समारोह मना रहे हैं वाराणसी के भक्त सेन बाग काम अच्छा मे होली मिलन समारोह में उपस्थित मौलिक अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष विमलेश शर्मा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ शर्मा व तमाम लोगों ने होली मिलन समारोह मैं अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वही वाराणसी गोवर्धन घाट (नमो घाट) राजघाट वाराणसी मे गोवर्धन मॉर्निंग टीम की तरफ से होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया गया जिसमें यदुवंशी समाज (राजा महिषी) के वंशज समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया जिसमें अशोक यादव अध्यक्ष दिनेश यादव उपाध्यक्ष विनोद यादव कोषाध्यक्ष महामंत्री पारस उर्फ पप्पू यादव जीने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग प्रदान किया नित्य नाटक के संग होली मिलन समारोह का लुफ्त लोगों ने उठाया मॉर्निंग वॉक टीम के सहयोगी मौलिक अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष विमलेश शर्मा, संतलाल मौर्य, कमलेश शर्मा, रक्षा कौर, नंदनी यादव, पूजा यादव (पूर्व कैंट विधानसभा प्रत्याशी), श्रद्धा कौर, आरती केसरी, नीमू शर्मा, साधना शर्मा जिला महासचिव(महिला) मौलिक अधिकार पार्टी, रमेश गुप्ता, अर्जुन कुमार, पप्पू मौर्य, ओम प्रकाश चौरसिया, कोमल केसरी, अखिलेश जायसवाल, संजय मिश्रा पूर्व ब्लाक प्रमुख व योगाचार्य समाजसेवी वाराणसी के पूर्व मेयर पुत्र अभय यादव ने गोवर्धन पूजा समिति व मॉर्निंग टीम का आभार व्यक्त किया



बी ई ओ सर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए!

## ४२ केंद्रीय कानूनों में सुधार के लिए अलग-अलग १९ मंत्रालयों से सलाह

**मुंबई :** ट्रेन में आपने लोगों को भीख मांगते जरूर देखा होगा। ट्रेन के डिब्बों में यात्रियों के पास आकर छोटे बच्चे भी भीख मांगते नजर आ जाते हैं। यात्रियों को कई बार इससे असुविधा भी होती है। रेलवे एक्ट के अनुसार, इसे अपराध माना जाता था। रेलवे सुरक्षा फोर्स (आरपीएफ) ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी करती थी। लेकिन अब रेल परिसर और ट्रेन के डिब्बों में भीख मांगना अपराध नहीं होगा। ऐसे लोगों से अब रेलवे को कोई एतराज नहीं होगा। केंद्र सरकार ने इन प्रावधानों के तहत मिलनेवाली सजा खत्म करने का फैसला किया है।




जेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यिक धोंडिराम सिंह राजपूत, जेष्ठ पत्रकार घनश्याम जी वाणी इन्होंने आज भगवान भजन की किताब, शाल देकर महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार का सम्मान किया.





# कोटिया धाम मंदिर ग्राम व पोस्ट हथियागढ़, जनपद गोंडा नीलेश भारती व आकाश भारती द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, सीता की प्रतिमा का दान

**गोंडा,** स्व. झिनका देवी पत्नी स्व. श्री. राम गरीब S/O राम समुझ के सुपुत्र श्री रामदेव भारती के सुपुत्र रूपेश भारती, नीलेश भारती व आकाश भारती (कहर टोलिया) के कर कमलों द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, सीता की प्रतिमा का दान दिनांक 13-03-23 को कोटिया धाम मंदिर ग्राम व पोस्ट हथियागढ़, जनपद गोंडा, ऊ. प्र. को अर्पित किया गया।






वैजापूर, गंगापुर विधानसभा के माजी आमदार भाऊसाहेब तात्या पाटील चिकट गावकर का स्वागत करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार khandalakar



वैजापूर के लोकप्रिय नगराध्यक्ष सौ शिल्पा ताई दिनेशजी परदेशी इनका स्वागत करते हैं सौ लता अशोक पवार, रूपाली कुलदीप पवार।।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721


**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com




डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C६८९७

# सचिव उत्तर प्रदेश ने नवचेतना एफपीओ का किया निरीक्षण

**सीखड़,** नवचेतना कृषक उत्पादक संगठन पर विश्व बैंक व उत्तर प्रदेश सचिव कृषि विभाग अनुराग यादव, मुख्य विकास अधिकारी श्री वीएस लक्ष्मी ने निरिक्षण किया । साथ में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी रहे। नवचेतना के निदेशक अखिलेश त्रिपाठी ने एफपीओ पर विभिन्न सामग्रियों के लगे स्टालों को दिखाया जिसमें सरसों का तेल ,जीरा चावल, मोहन भोग चावल, प्राकृतिक विधि से तैयार सब्जी, फल , वर्मी कंपोस्ट, केला, स्ट्रॉबेरी, इत्यादि का अवलोकन कराए तथा उनके उत्पादन के रेवेन्यू मॉडल को समझने में सहयोग प्रदान किया। दो हजार बेड छमता के वर्मी कंपोस्ट खाद का निरीक्षण करते समय नवचेतना सीईओ मुकेश पांडेय ने बताया की नवचेतना केंद्र पर 30000 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट का रेवेन्यू मॉडल बताते हुए कहा कि हमारी एफपीओ का सबसे मजबूत रेवेन्यू लगभग 25 लाख वार्षिक वर्मी कंपोस्ट से ही आता है। नवचेतना सेंटर ने वर्मी कंपोस्ट उत्पादन का विकेंद्रीकरण करते हुए 167 किसानों के बीच करा रहा है जिससे शेयर धारक किसानो के आय में वृद्धि हुई है सचिव ने मिया वाकी मॉडल से तैयार स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट की खेती को एकाग्रता से अवलोकन किया तदुपरान्त नवचेतना सेंटर पर उपस्थित सैकड़ो किसानों के बिच कृषि के बारे मैं वृस्तीत रुप से चर्चा करते हुए किसानों के समस्याओं के बारे में जानकारी साझा किया जैसे के,सी,सी फसल वीमा, मार्केट डिमांड, बीज की उपलब्धता, किसानों के उद्यमी सफर के मध्य चुनौती और उसके समाधान पर चर्चा किया साथ में आई विश्व बैंक की टीम ने सप्लाई डिमांड को समझा । वहीं एफपीओ की समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए सीईओ मुकेश पांडेय ने बताया कि के, सी,सी की राशि में बढ़ोत्तरी, के,सी,सी के लिस्टेड फसलों में एड ऑन, सामूहिक ट्रांसपोर्टेशन सर्विस तथा सीड कैपिटल की जरूरत पर जोर डाला। कार्यक्रम में विश्व बैंक से आए विनायक घाटते, अनिंदो चटर्जी, मार्टिन कुमार, आर एस ठाकुर तथा नवचेतना निदेशक मंडल के सोनू पांडेय, मुकेश तिपाठी , महिला किसान ऑर्गेनाइजर कनकलता पांडेय,राही पांडेय, मुन्ना पांडेय, गणेश पाण्डेय, क्षेत्रीय प्रबुद्ध नागरिक बब्बल पांडेय, पांडेय, सुनील शुक्ला, पवन पांडेय, सुकेश सहित नवचेतना के शेयर धारक महिला पुरुष किसान भाई उपस्थित रहे।







# महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं -संज्ञा टंडन

## महिला दिवस पर नवोदित प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** मंगला स्थित 36 मॉल में अरपा रेडिओ, साधना फाउंडेशन और एलाइट इवेंट के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नव्या सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहर की ऐसी नवोदित महिलाओं का सम्मान किया गया जो अपने क्षेत्र में काम करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहीं हैं। कार्यक्रम में अलग अलग क्षेत्र से कई नाम चुने गये थे। सामाजिक कार्य के क्षेत्र में कार्यकर्ता अन्किता पान्डेय शुक्ला, प्राकृतिक कल्याण के क्षेत्र में सर्प रक्षक अजिता पान्डेय, स्पोर्ट्स में सृष्टि कान्सकार, संगीत और गायन के क्षेत्र में शास्त्रीय गायिका श्रुति प्रभला, नृत्य के क्षेत्र में नृत्यांगना अपूर्वा सिंह, महिला जागरूकता एवं कल्याण के क्षेत्र में सखी सेंटर प्रमुख मीनाक्षी पान्डेय, मेकअप के क्षेत्र में मेकअप आर्टिस्ट पूजा आदित्य, फिल्म से जुड़ी हुई छॉलीवुड अभिनेत्री सृष्टि देवान्गन, डिजिटल कार्य के क्षेत्र में विभूति सचदेव और बहुआयामी व्यक्तित्व के रूप में डॉ प्रियन्का विश्वास का सम्मान किया गया। अरपा रेडिओ की संचालिका संज्ञा टण्डन ने इस अवसर पर कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। हर क्षेत्र में वे नए आयामों को स्पर्श कर रही हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिन महिलाओं का सम्मान किया गया उन सभी का साक्षात्कार लिया गया है जिसका प्रसारण अरपा रेडीयो पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुनील चिपड़े, अरुण भान्गे, अनिश श्रीवास, मातृका साहू, आकांक्षा सिंह, दिव्या शर्मा और सुबोध शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।





# मुलुंड में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूवात

**मुंबई** - कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी के भारत जोडो अभियान के सफलता पूर्वक समापन के पश्चात कांग्रेस पार्टी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत लोगो के पास,घर घर जाकर जन जागृति करने की शुरूवात मुलुंड के वार्ड क्र.103 में संजय गांधी नगर से राकेश राघवन, अरविंद यादव, संतोष सोनावणे,डॉ.सचिन सिंह के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष गोविंद सिंह, महासचिव सुनील गंगवानी, मा. उपाध्यक्ष डॉ. बाबुलाल सिंह, सचिव किशोर मुंडेकल, प्रवक्ता भरत सोनी सहित कांग्रेस नेता कैलाश पाटील, राजेश इंगले, अश्विनी पोचे, भगवान किशोर तिवारी, मोजेस पीटर, निक्सन, राकेश नागर, अनिल सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने घर घर जाकर महंगाई, बेरोजगारी, रसोई गैस, बिजली बिलों मे बढोत्तरी, भ्रष्टाचार, महिलाओ, गरीबों की दुर्दशा की तरफ लोगों का ध्यान आकृष्ट किया और पत्रक बांटे।





अर्जुन एवॉर्डी एवं अंतरराष्ट्रीय पहलवान ओलंपियन बेटी दिव्या सैन के मम्मी - पापा जी बनारस पधारे हुए हैं,, आज मुझे उनके साथ लंच करने का सुअवसर प्राप्त हुआ ।
- विजय प्रताप सविता बनारस से

# महिलाएं अब किसी परिचय का मोहताज नहीं रहीं- चंद्रकांति

## चारामा के हिमांशु ब्यूटी पार्लर में हुआ महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**चारामा, कांकेर।** चारामा के हिमांशु ब्यूटी पार्लर में एक दिवसीय महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हिमांशु ब्यूटी पार्लर की संचालिका चंद्रकांति नागे ने कहा कि महिलाएं अब किसी परिचय की मोहताज नहीं रहीं। अब वे खुद अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं । उन्होंने कहा कि एक छोटी सी राशि से महिलाएं ब्यूटी पार्लर का कोर्स करके आजीविका चला सकती हैं। चंद्रकांति ने कहा कि सैकड़ों महिलाएं मुझसे ट्रेनिंग लेकर आज अपना खुद का ब्यूटी पार्लर संचालित कर रही हैं और घर की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान कर रही हैं। धमतरी तेजस्विनी की जिला संयोजिका वीणा राशिद ने महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया। वीणा ने कहा कि महिलाओं में कुछ कर गुजरने का जज्बा होना चाहिए और हमेशा आगे बढ़कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए । कार्यक्रम में हिमांशु ब्यूटी पार्लर की संचालिका और चारामा जिला कांकेर की संयोजिका चंद्रकांति नागे, वीणा राशिद धमतरी तेजस्विनी जिला संयोजिका भानुमति साहू, प्रमिला साहू, गायत्री साहू, लोकेश्वरी देवांगन, भोज सिन्हा, प्रीति सेन, गीतू यदु, शैलेंद्र कुलदीप, प्रभा देवांगन रामेश्वरी साहू, गीतांजलि देवांगन, सुधा, उर्वशी यादव सोनी देवांगन, रोशनी सोनकर, भगवती पांडवटी व रोशनी साहू आदि उपस्थित थे।






यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com